परिपत्र संख्या-37/2017

सुलखान सिंह,
आई0पी0एस0

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।
1-तिलक मार्ग, लखनऊ-226001

दिनांक:लखनऊ:अक्टूबर 16, 2017

प्रिय महोदय,

दिनांक 19 अक्टूबर, 2017 को दीपावली का त्यौहार देश में धूमधाम से मनाया जायेगा। तमाम् अनाथ बच्चे एवं वृद्धाश्रम में रहने वाले बड़े बुजुर्ग अपने परिवार एवं संसाधन के अभाव में यह त्यौहार नहीं मना पाते हैं। इस प्रकार के महत्वपूर्ण अवसरों पर अनाथ बच्चों एवं बेसहारा बुजुर्गो के साथ कुछ समय व्यतीत कर खुशियां बाटना एक मानवीय कार्य होगा।

यह उचित होगा कि दीपावली की पूर्व संध्या पर (दि0-18.10.2017) सायंकाल 7:00 बजे से 8:00 बजे के मध्य आप जनपद में किसी अनाथ आश्रम/वृद्वाश्रम में मिठाई, दिया, मोमबत्ती, फल-फूल इत्यादि लेकर स्वयं जाये। थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा भी किसी एक स्थान पर जाना कम्युनिटी पुलिसिंग की दिशा में एक सार्थक कदम होगा।

दीपावली के दिन किसी समय पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों के बच्चों एवं परिवारीजनों के साथ भी सामूहिक रूप से कोई कार्यक्रम किया जाये। इस कदम से समाज में एवं अधीनस्थ पुलिस कर्मियों में विभाग के प्रति सम्मान बढ़ेगा।

पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक एवं अपर पुलिस महानिदेशक अपनी सुविधानुसार इस आयोजन में सम्मिलित हों। उपरोक्त अवसरों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी करायी जाये, तथा इसे मुख्यालय को भी उपलब्ध कराया जाये।

16/10/17

(सुलखान सिंह)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/
पुलिस अधीक्षक (नाम से)
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-

1-समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक, उ0प्र0।
2-समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0।